# कर्नाटक में 22,000 करोड़ रु का निवेश

## विश्व आर्थिक मंच की बैठक में माइक्रोसॉफ्ट, हिताची, लुलु ग्रुप आदि ने राज्य में परियोजनाओं का किया वादा

अनीका चटर्जी

दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2024 के दूसरे दिन कर्नाटक ने माइक्रोसॉफ्ट, वेब रेक्स, हिताची एवं अन्य चार कंपनियों के साथ कुल 22,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओय) पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान में कहा गया है कि ये समझौते राज्य को तकनीकी उन्नति, बेहतर बुनियादी ढांचा और आर्थिक वृद्धि के एक नए दौर में ले जाएंगे।

भारी एवं मझोले उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल ने सोनी, एचपी, नेस्ले, हनीवेल, लुलु ग्रुप, आईनॉक्स, ताकेडा फार्मा, कॉइनबेस, टिलमैन ग्लोबल, बीएल एग्रो आदि प्रमुख कंपनियों के साथ चर्चा की। बातचीत का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में मौजूदा शानदार परिवेश और आकर्षक बाजार परिदृश्य को भुनाना और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा स्थापित करना था।

कर्नाटक सरकार और माइक्रोसॉफ्ट के बीच हस्ताक्षरित एक एमओयू के तहत भारत में युवाओं, रोजगार तलाशने वालों, दिव्यांगों, छोटे उद्यमियों और दूरदराज के क्षेत्रों एवं कार्यकल में मामूली भागीदारी वाले इलाकों में आजीविका के अवसरों में सुधार लाने के लिए डिजिटल कौशल कार्यक्रम चलाने की बात कही गई है। डिजिटल कौशल कार्यक्रम को माइक्रोसॉफ्ट राइज नाम दिया गया है जो अपने गैर-लाभकारी साझेदार एआईएसईसीटी के जरिये वर्चुअल इंस्ट्रक्टर के नेतृत्व में 70 घंटों का प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा।

डेटा सेंटर समाधान प्रदाता वेब रेक्स ने बेंगलूरु में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 मेगावॉट का डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा कंपनी ने बेंगलूरु में अत्याधुनिक डेटा सेंटर के साथ एक कनेक्टिविटी हब स्थापित करने की भी इच्छा जताई है।

रियल एस्टेट डेवलपर लुलु ग्रुप निर्यात के लिए खाद्य प्रसंस्करण कारखाना स्थापित करने पर 300 करोड़ रुपये निवेश करेगा। यह समूह खुदरा और फल एवं सब्जियों में विशेषज्ञता के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में कारोबार करता है। समूह उत्तरी कर्नाटक पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी निर्यात क्षमता बढ़ाने की योजना बना रहा है।

ताकेडा फार्मा बेंगलूरु एवं अन्य जगहों पर वैश्विक नवाचार केंद्र स्थापित करेगी। कंपनी अपने पहले केंद्र में 1,000 हाई-प्रोफाइल डिजिटल पद सृजित करने का लक्ष्य रख रही है।

उत्तर प्रदेश की कंपनी बीएल एल एग्रो कर्नाटक में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वह एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने की योजना बना रही है। वह विजयवाड़ा पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तरी कर्नाटक में अपने कारखाने स्थापित करना चाहती है।

आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स भी कर्नाटक में अपने कारोबार का विस्तार करेगी। आईनॉक्स उत्तरी बेंगलूरु में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माताओं को गैस की आपूर्ति के लिए 150 करोड़ रुपये की लागत से एक औद्योगिक गैस विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए पहले ही आवेदन कर चुकी है।

हनीवेल विभिन्न ऐप्लिकेशन के लिए आईओटी स्टैक और विभिन्न सेंसरों के उपयोग के लिए कर्नाटक के साथ साझेदारी करना चाहती है। ये ऐप्लिकेशन नागरिक सेवाओं जैसे यातायात प्रबंधन, सरकारी कामकाज की निगरानी, कचरा प्रबंधन आदि को बेहतर बनाएंगे।

हिताची ने कर्नाटक के लोगों के लिए अवसर सृजित करने के लिए पंचायत ई-गवर्नेंस, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं ग्रामी इलाकों में कार्य के जरिये आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

वॉल्वो एलएनजी, बैटरी, इलेक्ट्रिक और वाणिज्यिक वाहनों के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल सहित भविष्य की प्रौद्योगिकी में संभावनाएं तलाशने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा वॉल्वो न केवल पारंपरिक स्त्रोतों बलिक ऑटोमोटिव ऐप्लिकेशनों में भी ग्रीन हाइड्रोजन का इस्तेमाल करना चाहती है।

नेस्ले अपने उत्पादन को 22,000 टन तक बढ़ाने, 5 हजार किसानों के साथ साझेदारी करने और कॉफी की खेती के प्रशिक्षण के लिए डेमो फार्म स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि उसका बायोमास संयंत्र 2025 की पहली छमाही में चालू जो जाएगा। नेस्ले कर्नाटक को स्वच्छ ऊर्जा की सोर्सिंग का एक प्रमुख केंद्र बनाना चाहती है।

प्रमुख दूरसंचारकंपनी टिलमैन ग्लोबल ने राज्य में दूरसंचार बुनियादी ढांचे के निर्माण पर केंद्रित निवेश करना चाहती है। उसने अगले दशक के दौरान 25 से 30 अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई है।



## तेलंगाना-महाराष्ट्र में निवेश करेगा अदाणी समूह

**अदाणी** समूह की चार कंपनियों ने तेलंगाना में कुल मिलाकर 12,400 करोड़ रुपये के निवेश के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समूह ने आज जारी एक बयान में यह खुलासा किया है। समूह ने दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2024 के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के तहत अदाणी एंटरप्राइजेस अगले 5 से 7 साल के दौरान राज्य में 100 मेगावॉट के डेटा सेंटर स्थापित करने पर 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। अदाणी ग्रीन एनर्जी भी राज्य में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके जरिये वह राज्य में दो पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी)- कोयाबेस्टागुडम में 850 मेगावॉट और नाचाराम में 500 मेगावॉट- स्थापित करेगी। अंबुजा सीमेंट्स अगले पांच साल के दौरान राज्य में 6 एमटीपीए क्षमता का सीमेंट कारखाना स्थापित करने पर 1,400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में 12,400 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता के तहत अदाणी डिफेंस सिस्टम्स ऐंड टेक्नोलॉजिज अदाणी एयरोस्पेस पार्क में ड्रोन एवं मिसाइल सिस्टम के एकीकरण, अनुसंधान, विकास, डिजाइन एवं विनिर्माण पर अगले दस वर्षों के दौरान 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अदाणी एंटरप्राइजेज ने अगले 10 वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में 50,000 करोड़ रुपये के निवेश से 1 गीगावॉट हाइपरस्केल डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने की भी घोषणा की है।

## भारत सफलता की एक असाधारण गाथा है: ब्लिंकन

**भारत** को 'सफलता की असाधारण गाथा' बताते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां एवं कार्यक्रम भारत के लोगों के लिए बहुत लाभप्रद रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक, 2024 में उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन एवं प्रधानमंत्री मोदी के बीच बेहतरीन रिश्ते हैं तथा उनकी बातचीत में भारत-अमेरिका संबंध समेत सभी पहलू शामिल होते हैं। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की सराहना करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत निरंतर संवाद में लगे रहते हैं तथा उसमें लोकतंत्र एवं मौलिक अधिकारों समेत सभी पहलू शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा, 'सदैव हमारे बीच जो वास्तविक वार्ता होती रही है, यह उसी का हिस्सा है।' वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि मोदी के शासन में भारत के तीव्र आर्थिक विकास एवं बुनियादी ढांचा विनिर्माण के बाद भी क्या हिंदू राष्ट्रवाद का उभार देश के लिए चिंताजनक है।

## आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान: दास

**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। साथ ही महंगाई में नरमी जारी रहने की उम्मीद है। दास ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने जो संरचनात्मक सुधार किए, उनसे भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम, दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बल मिला। चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक माहौल के बीच, भारत वृद्धि और स्थिरता की मिसाल पेश कर रहा है। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान 'उच्च वृद्धि, कम जोखिमः भारत की कहानी' विषय पर आयोजित सीआईआई सत्र में कहा कि दुनिया भर में मुद्रास्फीति घटी है मगर वृद्धि दर भी सुस्त है। दास ने कहा कि बिना किसी बाधा के आगे बढ़ने की संभावना है और बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय जोखिम और जलवायु जोखिम बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

# भारत ने कई देशों को पीछे छोड़ा: मोदी



प्रधानमंत्री ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 10 वर्ष पहले तक जहाजों को बंदरगाहों पर काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था और सामान उतारने में बहुत लंबा समय लगता था लेकिन आज स्थिति बदल गई है और जहाज 'टर्नअराउंड' समय के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में प्रमुख रणनीतिक पहलों सहित 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इनसे देश के दक्षिणी क्षेत्र के विकास को गति देने में मदद मिलेगी।

मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के संबंध में किए गए समझौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'दुनिया वैश्विक व्यापार में भारत की क्षमता और स्थिति को पहचान रही है।' उन्होंने कहा कि यह गलियारा भारत की तटीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर विकसित भारत के निर्माण को और मजबूत बनाएगा। अतीत को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, '10 वर्ष पहले तक जहाजों को बंदरगाहों पर काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था और सामान उतारने में बहुत लंबा समय लगता था।' उन्होंने कहा, 'आज स्थिति बदल गई है और जहाज 'टर्नअराउंड' समय के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है।'

अमृत काल के दौरान भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने की यात्रा में हर राज्य की भूमिका पर जोर देते हुए मोदी ने पहले के समय में भारत की समृद्धि में बंदरगाहों की भूमिका को याद किया और कहा कि आज भारत नए कदम उठा रहा है और वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे में सरकार कोच्चि जैसे बंदरगाह शहरों की शक्ति को बेहतर बनाने में जुटी है। उन्होंने सागरमाला परियोजना के अंतर्गत बंदरगाह क्षमता में वृद्धि, बंदरगाह अवसंरचना में निवेश और बंदरगाहों के बेहतर संपर्क का उल्लेख किया।

कोच्चि को मिले देश के सबसे बड़े 'ड्राई डॉक' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, 'जहाज निर्माण, जहाज मरम्मत और एलपीजी आयात टर्मिनल जैसी अन्य परियोजनाएं भी केरल और देश के दक्षिणी क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करेंगी।' उन्होंने कोचीन शिपयार्ड के साथ 'मेड इन इंडिया' विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' के निर्माण का भी उल्लेख किया और कहा कि नई सुविधाओं से शिपयार्ड की क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में बंदरगाहों, पोत परिवहन और जलमार्ग क्षेत्र में किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि इससे भारत के बंदरगाहों में नया निवेश आया है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय नाविकों से संबंधित नियमों में सुधार से देश में नाविकों की संख्या में 140 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं के लिए केरलवासियों को भी बधाई देते हुए कहा कि नया 'ड्राई डॉक' भारत का राष्ट्रीय गौरव है। उन्होंने कहा, 'इससे न केवल बड़े जहाज उतरेंगे बल्कि यहां जहाज निर्माण और मरम्मत भी हो सकेंगे। इससे विदेशों पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।' **भाषा**

# 14 से 18 साल के 25% छात्र नहीं पढ़ पाते कक्षा 2 के पाठ!

**देश** में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 86.8 प्रतिशत से अधिक युवा शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत हैं लेकिन इनमें से 25 प्रतिशत छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा-दो के स्तर की पाठ्य सामग्री भी धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकते। शिक्षा संबंधी वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (असर) में बुधवार को इस बात को भी रेखांकित किया गया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के 32 प्रतिशत से अधिक लोग शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित नहीं हैं, जबकि कक्षा 11 और 12 के आधे से अधिक छात्र मानविकी पाठ्यक्रम का विकल्प चुनते हैं।

ग्रामीण भारत में 14 से 18 वर्ष की आयु के युवाओं पर असर 2023 'बियॉन्ड बेसिक्स' रिपोर्ट ने खास ध्यान देते हुए शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकरण में कम लैंगिक अंतर का उल्लेख किया है, लेकिन इसने आयु वर्गों के बीच उल्लेखनीय अंतर को चिह्नित किया है। इसमें कहा गया है, 'अधिक आयु के युवाओं के पंजीकरण नहीं कराने की संभावना अधिक है। 14 वर्ष के 3.9 प्रतिशत छात्रों और 18 वर्ष के 32.6 प्रतिशत छात्रों ने पंजीकरण नहीं कराया।' रिपोर्ट में कहा गया, 'कुल मिलाकर, 14 से 18 वर्ष के 86.8 फीसदी बच्चे शैक्षणिक संस्थान में नामांकित हैं।'

इसमें हालांकि यह रेखांकित किया गया कि उनमें से 25 प्रतिशत अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा-2 स्तर की पाठ्य सामग्री भी धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकते। रिपोर्ट में कहा गया है कि कक्षा 11 एवं 12 के 55 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने मानविकी पाठ्यक्रम में और इसके बाद छात्रों ने विज्ञान एवं वाणिज्य संबंधी पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया। इसमें यह भी बताया गया कि छात्रों की तुलना में कम छात्राओं के स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराने की संभावना है। **भाषा**

# नई नौकरी की तलाश में 88 फीसदी लोग

आशुतोष मिश्र

**भारत** के पेशेवर इस साल अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और अधिकतर लोग नौकरी बदलना चाह रहे हैं। एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। लिंक्डइन के शोध के अनुसार साल 2024 में हर 10 में से 9 (88 फीसदी) पेशेवर नई नौकरी की तलाश में हैं।

शोध के अनुसार, 42 फीसदी भारतीय पेशेवरों का कहना है वे बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की वजह से नौकरी बदलना चाह रहे हैं। इसके अलावा 37 फीसदी लोग ऐसे हैं जो अधिक वेतन की आकांक्षा की वजह से नई नौकरी की तलाश में हैं। लिंक्डइन इंडिया की करियर विशेषज्ञ और वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा, 'साल 2024 में भारतीय पेशेवर जैसे ही नौकरी शुरू करेंगे नौकरी बाजार में अधिक पेशेवरों के आने से यह और प्रतिस्पर्धी हो जाएगा।'



विश्लेषण में बताया गया है कि अधिकतर पेशेवर नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं। 10 में से करीब 8 पेशेवर (79 फीसदी) अपने उद्योग या मौजूदा भूमिका से अलग अवसर की तलाश में हैं।

भले ही भारतीय पेशेवर अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं मगर उन्हें कुछ नौकरियों में तेजी से बदल रहे कौशल को अपनाने में परेशानियां आ रही हैं। इसका मुख्य कारण एआई में हो रही तेज प्रगति है। प्लेटफॉर्म के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में साल 2015 के बाद से नौकरियों का कौशल 30 फीसदी तक बदल गया है।


## APPOINTMENTS

इंडिया एक्ज़िम बैंक
India Exim Bank

**एक कंपनी सचिव की भर्ती**

इंडिया एक्ज़िम बैंक द्वारा संविदा आधार पर अनुपालन अधिकारी के पद पर एक कंपनी सचिव की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **eximbankindia.in/careers** या **https://www.icsi.edu/home** देखें।

**आवेदन करने की अंतिम तारीख 02.02.2024 है।**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
Hamesha Aapke Liye
www.bankofbaroda.in

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**सूचना प्रौद्योगिकी विभाग**
**बड़ौदा सन टॉवर, मुंबई**

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा निम्नलिखित के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है:

| क्रम सं. | निविदा का नाम | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख |
|---|---|---|
| 1 | 5 साल की वारंटी के साथ सिस्को हार्डवेयर की आपूर्ति के लिए सेवा प्रदाता का चयन | 08.02.2024 |

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।
'अन्य सूचना', यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा खंड में जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

**स्थान: मुंबई**
**दिनांक: 18.01.2024**
**मुख्य महाप्रबंधक (आईटी)**
123/23-24

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**शेयर विभाग, बोर्ड और समन्वय प्रभाग, प्लाट संख्या-4, द्वारका सेक्टर 10, नई दिल्ली-110075, ई-मेल आईडी: hosd@pnb.co.in, Tel 011-28044857**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित बैंक का शेयर प्रमाण पत्र खोने/गुम/चोरी होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है और इसके पंजीकृत धारकों/दावेदारों ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अनुरोध किया है :

| क्र. सं. | शेयरधारक/दावेदार का नाम | फोलियों संख्या | प्रमाण-पत्र संख्या | शेयरों की विशिष्ट संख्या | शेयरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रगुनाथ के. कोटारी<br>आशा आर कोटारी (संयुक्त-1) | 1083814 | 14918 | 6738160765<br>6738160879 | 115 |

किसी व्यक्ति द्वारा उक्त शेयरों के संबंध में कोई दावा/उपरोक्त उल्लिखित शेयरधारकों/दावेदारों के पक्ष में डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में किसी भी आपत्ति के मामले में उसे/उन्हें इस सूचना के प्रकाशन तिथि के 15 दिन के भीतर अपने दावे या आपत्ति दर्ज करनी चाहिए। यदि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर, उक्त प्रमाण पत्र के संबंध में बैंक द्वारा कोई दावा प्राप्त नहीं किया जाता है तो डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र/पुष्टिकरण पत्र जारी किए जाएंगे। सामान्य जन को उपर्युक्त प्रमाण पत्र के साथ किसी भी तरह के लेन-देन से सावधान किया जाता है।

दिनांक: 17.01.2024
स्थान : नई दिल्ली
कृते पंजाब नैशनल बैंक
(एकता पसरीचा)
कंपनी सचिव



